RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 61 • 14:03:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## 'रणनीतिक हाईवे' से ड्रैगन को बड़ा झटका देगा भारत



**ईटानगर (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने अरुणाचल प्रदेश में 1,748 किलोमीटर लंबे फ्रंटियर हाईवे में से 600 किलोमीटर से अधिक के निर्माण के लिए लगभग 16,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। ये हाईवे चीन सीमा के पास भारत को रणनीतिक बढ़त दिलाने में कारगर साबित होगा। सीमा पर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे में तेजी से सुधार के लिए काम कर रही मोदी सरकार का ये बड़ा कदम माना जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीनफील्ड हाईवे (एनएच 913) कई जगहों पर भारत-तिब्बत-चीन-म्यांमार सीमा के करीब-मुश्किल 20 किमी दूरी पर होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि राजमार्ग खंडों के विकास से सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि फ्रंटियर राजमार्ग के निर्माण से स्थानीय लोगों को रोजगार के लिए बाहर जाने से रोकने और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर प्रवास की उम्मीद है। गडकरी ने कहा, इससे माइग्रेशन पर अंकुश लगाने और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर रिवर्स माइग्रेशन होने की उम्मीद है। गडकरी ने कहा कि यह राजमार्ग ऊपरी अरुणाचल के निर्जन और कम आबादी वाले क्षेत्रों को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इसे पर्यटन के लिए भी अनुकूल बनाता है। सूत्रों ने कहा कि सरकारी राजमार्ग एजेंसियां जल्द ही स्वीकृत हिस्सों के लिए बोली लगाएंगी।


**● 16,000 करोड़ की लागत से चीन सीमा के 20 किमी दूर बनाएगा यह हाईवे**

# अब सेमी कंडक्टर का हब बनेगा भारत

## प्रधानमंत्री मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपए के तीन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट का किया शिलान्यास

### विपक्ष पर बरसे, कहा-वे हजारों करोड़ के घोटाले कर सकते हैं, सेमीकंडक्टर में निवेश नहीं कर सके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की सेमीकंडक्टर हब बनने की महत्वाकांक्षा पांच दशक पहले पैदा हुई थी, लेकिन पिछली सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र की उपेक्षा करते हुए आधुनिक तकनीक में निवेश करने के बजाय हजारों करोड़ रुपये के घोटाले करने का विकल्प चुना। प्रधानमंत्री बुधवार को धोलेरा में 'इंडियाज टेकेड चिप्स फॉर विकसित भारत' में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए बुधवार को कहा कि जब भारत वादा करता है, तो वह उसे पूरा भी करता है। मोदी ने तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी





जिनमें दो गुजरात और एक असम में हैं। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से लोगों को संबोधित किया। मोदी ने कहा, ''यह एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हम उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप देश को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की ओर ले जाएंगी। देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने के वादे पर मोदी ने कहा, ''जब भारत वादा करता होता है, तो भारत उसे पूरा करता है और लोकतंत्र भी उसे पूरा करता है।'' उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने हजारों करोड़ रुपये के घोटाले किए लेकिन वे सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास के लिए हजारों करोड़ का निवेश नहीं कर सकीं। इन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में गुजरात के धोलेरा में भारत का पहला 'फैब' संयंत्र और साणंद में 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट' केंद्र (ओएसएटी) शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने असम के मोरीगांव में 27,000 करोड़ रुपये की लागत वाले 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट' (ओएसएटी) परियोजना का भी वर्चुअल तरीके से शिलान्यास किया। असम में जगीरोड में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि आज असम और पूर्वोत्तर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

### कांग्रेस ने किया नारी न्याय गारंटी योजना का ऐलान

# लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी ने शुरू की महिलाओं को लुभाने की तैयारी

### गरीब महिलाओं को एक लाख व नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण का वादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को 'नारी न्याय' गारंटी की घोषणा की और कहा कि इससे देश की महिलाओं के लिए समृद्धि का द्वार खुलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो जारी कर और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र के धुले में नारी न्याय के तहत पांच कदमों की घोषणा की। पार्टी की ओर से घोषित नारी न्याय गारंटी के तहत किए गए प्रमुख वादों में हर साल गरीब परिवार की महिला को एक लाख रुपये देना और केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की बात शामिल है। खरगे ने एक वीडियो जारी कर कहा, कांग्रेस पार्टी आज नारी न्याय गारंटी की घोषणा करती है, इसके तहत कांग्रेस पार्टी महिलाओं के लिए देश में एक नया एजेंडा तय करने जा रही है। नारी न्याय गारंटी के



अन्तर्गत कांग्रेस पार्टी 5 घोषणाएं कर रही है। उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। तथा आधी आबादी -पूरा हक के तहत केंद्र सरकार की नियुक्तियों में आधी हिस्सेदारी महिलाओं को मिलेगी।

## 1 दिन में बिक गए थे 3300 से अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड


**● हलफनामा दायर कर एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय स्टेट बैंक ने बुधवार को चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है, जिसमें 15 मार्च 2024 तक खरीदे गए और कैश कराए गए चुनावी बॉन्ड का विवरण शामिल है। एसबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक एक अप्रैल 2019 से लेकर उसी साल 11 अप्रैल तक कुल 3346 बॉन्ड खरीदे गए। इनमें से कुल 1609 बॉन्ड कैश कराए गए। एसबीआई के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 12 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक कुल 22,217 चुनावी बॉन्ड खरीदे गए थे। 20,030 बॉन्ड कैश कराए गए। इससे पहले एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को उन संगठनों का विवरण सौंपा, जिन्होंने अब समाप्त हो चुके चुनावी बॉन्ड खरीदे थे और राजनीतिक दलों ने उन्हें प्राप्त किया था। शीर्ष अदालत ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च को कामकाजी समय समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉन्ड का विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। चुनाव आयोग कहा, ''सुप्रीम कोर्ट के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड पर विवरण सौंपा है।

# लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की दूसरी लिस्ट

### 10 राज्यों से 72 दिग्गजों को उतारा, नितिन गड़करी नागपुर से आजमाएंगे किस्मत

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के लिए अब ज्यादा दिन का वक्त नहीं बचा है। बुधवार को भाजपा ने 72 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर और पीयूष गोयल समेत 72 दिग्गजों के नाम हैं। गडकरी को



नागपुर और खट्टर को करनाल लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। भाजपा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट में मध्य प्रदेश से पांच नाम फाइनल किए गए हैं। बालाघाट से भारती पारधी, छिंदवाड़ा से विवेक साहू, उज्जैन से अनिल फिरोजिया, धार से साविज्ञी ठाकुर और इंदौर से शंकर लालवानी को टिकट दिया गया है। दूसरी लिस्ट में कर्नाटक राज्य से 20 नाम फाइनल किए हैं। हावेरी से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को टिकट दिया गया है। चिक्कोडी से अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, बागलकोट से पीसी गद्दीगौडर, बीजापुर से रमेश जिगजिणगी, गुलबर्ग से उमेश जी जाधव, बीदर से भगवंत खूबा, कोप्पल से बसवराज क्यावातूर, बेल्लारी से बी श्रीरामुलू, धारवाड़ से प्रल्हाद जोशी, दावणगेरे को गायत्री सिद्देश्वर, शिमोगा बी वाई राघवेंद्र, उजुपी चिकमंगलूर से कोटा श्रीनिवास पुजारी, दक्षिण कन्नड से कैप्टन ब्रिजेश चौटा, तुमकुर से वी सोमन्ना, मैसूर से यदुवीर कृष्णदत्त चामराज, चामराजनगर से एस बालराज, बेंगलुरु ग्रामीण से सीएन मंजूनाथ, बेंगलुरु उत्तर से कुमारी शोभा करंदलाजे, बेंगलुरु सेंट्रल से पीसी मोहन, बेंगलुरु साउथ से तेजस्वी सूर्या को टिकट दिया गया है। दूसरी लिस्ट में दिल्ली से दो नाम फाइनल किए हैं। पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा को और उत्तर पश्चिम दिल्ली (अनुसूचित जाति) पर योगेंद्र चंदोलिया को टिकट दिया है। महाराष्ट्र के लिए भाजपा ने 20 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। नितिन गडकरी को नागपुर से टिकट दिया गया है। नंदुरबार से हिना विजयकुमार गावित, जलगांव से स्मिता वाघ, रावेर से रक्षा निखिल खडसेस अकोला से अनूप धोत्रे, वर्धा से रामदास चंद्रभानजी, चंद्रपुर से सुधीर मुंगटीवार, नांदेड़ से प्रतापराव पाटिल,




जालना से रावसाहेब दादाराव दानवे, भिवंडी से कपिल मोरेश्वर, मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल, मुंबई उत्तर पूर्व से मिहिर कोटेचा, पुणे से मुरलीधर किशन, अहमदनगर से सुजय राधाकृष्ण, बीड़ से पंकजा मुंडे, लातूर से सुधार तुकाराम, माढा से रणजीत सिन्हा हिंदूराव, सांगली से संजयकाका पाटिल, आदिलाबाद से गोजाम नागेश, पेद्दापल्ले से गोमासा श्रीनिवास, मेडक से माधवनेनी रघुनंदन, महबूबनगर से डीके अरुणा, नल्गौड़ा से सईदा रेड्डी और महबूबाबाद से अजमीरा सीताराम नाइक से टिकट दिया गया है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में दोनों लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया है। हमीरपुर से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप को टिकट दिया गया है। भाजपा ने दूसरी लिस्ट में हरियाणा राज्य से 6 नाम फाइनल किए हैं। करनाल लोकसभा सीट से मनोहर लाल खट्टर को टिकट दिया है। अंबाला से बंतो कटारिया, सिरसा से अशोक तंवर और फरीदाबाद से कृष्ण पाल गुर्जर को टिकट दिया है। भिवानी-महेंद्रगढ़ से चौधरी धरमबीर सिंह और गुड़गांव से राव इंद्रजीत सिंह यादव को टिकट दिया है। दूसरी लिस्ट में गुजरात राज्य से 7 नाम फाइनल किए हैं। अहमदाबाद पूर्व से हसमुख भाई सोमाभाई पटेल को टिकट दिया गया है। वडोदरा से रंजनबेन भट्ट को टिकट दिया है। वहीं, सूरत से मुकेशभाई चंद्रकांत पर भरोसा जताया गया है। साबरकांठा से भीखा जी दुधा जी ठाकोर, भावनगर से निमुबेन बम्भानिया, छोटा उदयपुर से जशु भाई भीलु भाई राठवा वहीं वलसाड से धवल पटेल किस्मत आजमाएंगे।

## आर्म्स एक्ट मामले में मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा

### वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में कैद मुख्तार अंसारी को आर्म्स एक्ट के तहत वाराणसी की एमपी एमएलए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह मामला 1990 में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से हथियार लाइसेंस करने से जुड़ा है। तब गाजीपुर के मोहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में एक केस इस मामले में दर्ज किया गया था। अदालत ने अंसारी को आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), 420 (धोखाधड़ी) 467, 468 और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। स्टेट की ओर से पेश हुए एडिशनल वकील (क्राइम) मनीष कुमार ने मंगलवार को कहाकि मुख्तार अंसारी और एक अन्य शख्स के खिलाफ आरोप यह था कि उन्होंने तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट और गाजीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक के जाली हस्ताक्षर के साथ हथियार लाइसेंस हासिल करने की साजिश रची थी। मामले के दूसरे आरोपी गौराई शंकर लाल श्रीवास्तव उस समय जिले में शस्त्र लिपिक के पद पर तैनात थे। मुकदमे के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।

# धामी सरकार के यूसीसी बिल पर राष्ट्रपति ने लगाई मुहर

### प्रदेश में अधिसूचना जारी, यूसीसी लागू करने वाला बना पहला राज्य

**देहरादून (एजेंसी)।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पर राष्ट्रपति की मुहर लग गई है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से उसकी सूचना शासन को मिल गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अब नियमावली बनते ही उत्तराखंड यूसीसी कानून को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। कहा कि जल्द राज्य में इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। राज्य विधानसभा में 6 फरवरी को देश का सबसे कड़ा यूसीसी कानून लाने के लिए विधेयक को मंजूरी दी गई थी।




### संकल्प से सिद्धि तक पहुंचा सरकार का निर्णय

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव के दौरान डेढ़ साल पहले जनता के सामने सरकार बनने पर राज्य में यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने का संकल्प लिया था। सरकार बनी तो मुख्यमंत्री धामी ने सबसे पहली कैबिनेट में यूसीसी का प्रस्ताव लाया। इसके बाद कानून विशेषज्ञों की कमेटी गठित कर यूसीसी पर लगातार बैठकें, जनता के सुझाव लेकर 6 फरवरी को विधानसभा में विधेयक पर चर्चा करने के बाद मंजूरी दी। विधानसभा की मंजूरी के बाद बिल राष्ट्रपति की अनुमति को भेजा गया। आज बिल पर राष्ट्रपति ने अपनी मुहर लगा दी है।

## हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जीता विश्वास मत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। 12 मार्च को शपथ ग्रहण के बाद एक दिन का विधानसभा सत्र बुलाया गया था। करीब चार घंटे की चर्चा के बाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी मिल गई। प्रस्ताव के समर्थन में 48 वोट पड़े। इस दौरान जननायक जनता पार्टी के विधायक विधायक विधानसभा में मौजूद नहीं रहे। पार्टी की ओर से विधानसभा से गैरहाजिर रहने का व्हिप जारी किया गया था। विधानसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विश्वास मत रखा। इसके बाद विश्वास मत पर चर्चा का जवाब देते हुए सीएम सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की काफी तारीफ की। उन्होंने पिछले 9 साल में खट्टर सरकार की योजनाओं का जिक्र किया। चर्चा के दौरान कई बार ऐसे मौके आए, जब नायब सिंह मनोहर लाल को सीएम कहकर संबोधित करते रहे।

## टीएमसी उम्मीदवार पर ममता के भाई ने ही उठाए सवाल

**● बोले-निर्दलीय लड़ूंगा चुनाव, 'दीदी' ने तुरंत तोड़ दिया रिश्ता**

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी के छोटे भाई बाबुन बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से प्रसून बनर्जी को फिर से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने पर नाखुशी जताई है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने की अटकलों को खारिज कर दिया, लेकिन कहा कि वह हावड़ा सीट से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं। बाबुन बनर्जी इस समय दिल्ली में हैं। इसके बाद ममता बनर्जी ने अपने छोटे भाई बाबुन से सभी संबंध खत्म करने की भी घोषणा कर दी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैं और मेरा परिवार बाबुन बनर्जी के साथ सभी संबंध खत्म करते हैं। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा, मैं हावड़ा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के चयन से खुश नहीं हूं। प्रसून बनर्जी सही चयन नहीं हैं। कई और सक्षम उम्मीदवार थे जिनकी अनदेखी की गई। उन्होंने कहा, प्रसून ने मेरा जो अपमान किया था, मैं कभी उसे नहीं भूल सकता।



# हथियार के साथ 6 बदमाश गिरफ्तार:उजियारपुर के सीएसपी संचालक से लूट का है मामला

## लाइनर भी धराया



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के उजियारपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सीएसपी संचालक से लूट के मामले में का मंगलवार शाम पुलिस ने खुलासा कर लिया। इस मामले में पुलिस ने लूट में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पास से एक देसी पिस्टल व घटना के दौरान प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान कर्पूरीग्राम थाने के बाघी गांव के रामश्रय राय के पुत्र अरविंद कुमार , इसी गांव के अरविंद सिंह का पुत्र राजा कुमार, इसी थाने के आधारपुर गांव के प्रेमलाल सिंह का पुत्र संजीव कुमार, इसी गांव के सु रेश सिंह का पुत्र चंदन कुमार, मुसरीघरारी थाने के फतेहपुर बाझा वार्ड एक के नथुनी दास का पुत्र राजेश कुमार उर्फ केटीएम व उजियारपुर के सूरजपुर गांव निवासी जालीत सहनी के पुत्र मोनू कुमार के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस घटना में मोनू ने लाइनर की भूमिका निभाई थी।

### क्या बोले डीएसपी

दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि गत सात मार्च को सीएसपी संचालक अमित कुमार बाइक एसबीआई शाखा से राशि लेकर लौट रहे थे इसी दौरान सरयुग ट्रेडर्स के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशो ने अमित को रोक लिया और लूट का प्रयास किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जाच शुरू की गई। मानवीय तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

### उजियरपुर के मोनू ने निभाई थी लाइनर की भूमिका

डीएसपी ने बताया कि उजियारपुर के सूरज पुर का रहने वाला मोनू कुमार ने इस इस घटना में लाइनर की भूमिका निभाई थी। गिरफ्तार बदमाशों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अब सभी को जेल भेजा जा रहा है। छापेमारी के दौरान उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

## पटना में सिलेंडर ब्लास्ट, शादी वाले घर में गैस रिसाव के बाद हादसा, 7 बच्चों समेत 12 झुलसे

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले के फतुहा में मंगलवार शाम बड़ा शादी वाले घर में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में 7 बच्चों समेत 12 लोग झुलस गए। सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसा फतुहा थाना इलाके के सुल्तानपुर गांव में हुआ। बताया जा रहा है कि घर में शादी का माहौल चल रहा था। मंगलवार को सभी रिश्तेदार जुटे थे। तभी खाना पकाने के दौरान सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ और उसमें आग लग गई। धमाका होने से कर्कट उड़ गया और पूरे घर में आग फैल गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 12 लोग झुलस गए। देखते ही देखते खुशियों का माहौल में चीख-पुकार मचने लगी। विस्फोट से कर्कटनुमा घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। सभी घायलों को पटना स्थित एनएमसीएच भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में पांच बड़े एवं सात बच्चे शामिल हैं। घायलों की पहचान बबलू (10), संध्या (12), शुभम ( 4), रिया ( 4), पीयूष (6) अमरजीत कुमार (6), गोलू कुमार (5) सोनू कुमार ( 25 ), अखिलेश महतो ( 26 ), चानो देवी (35), मुन्नी देवी (30) और मीना देवी ( 31) के रूप में हुई। हादसे में सोनू और अखिलेश गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, उनकी हालत नाजुक है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में मालगाड़ी पटरी से उतरी, समस्तीपुर-सहरसा रूट पर ट्रेनें लेट, एक रद्द



**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर जिले में रोसरा रेलखंड पर बुधवार सुबह मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इससे समस्तीपुर-सहरसा रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इस रूट पर चलने वाली एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। वहीं, जयनगर से मनिहारी जाने वाली जानकी एक्सप्रेस ट्रेन को सहरसा तक परिचालन में एक घंटे के लिए रीशेड्युल किया गया है। ट्रेनों के परिचालन में बदलाव होने से यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर, मालगाड़ी हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक समस्तीपुर रोसरा रेलखंड पर भगवानपुर देसुआ में लूप लाइन नंबर एक पर जा रही मालगाड़ी का इंजन डेडलाइन को पार करके पटरी से उतर गया। घटना की सूचना मिलते ही रेल महकमे में हड़कंप मच गया। एआरटी एवं रेलवे के कई अधिकारी मौके पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। इस कारण लगभग ढाई घंटे रेलवे का परिचालन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी समस्तीपुर की ओर जा रही थी। ट्रेन के चालक ने सिग्नल को ओवरलुक कर दिया। इस कारण ट्रेन लूप लाइन पर चली गई और ब्रेकर से टकराकर बेपटरी हो गई। मालगाड़ी हादसे के बाद रेलवे ने इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों के परिचालन में बदलाव की अधिसूचना जारी की। इसके तहत सहरसा-समस्तीपुर(05243) और समस्तीपुर-सहरसा(05244) पैसेंजर ट्रेन बुधवार को रद्द रहेगी। सहरसा-समस्तीपुर(5291) और समस्तीपुर-सहरसा(05278) पैसेंजर ट्रेन नरहन तक ही चलेगी।

### मुखिया के देवर सहित चार पर जानलेवा हमला



**गया, एजेंसी।** गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के मतासो पंचायत की मुखिया के देवर ईश्वर चौधरी के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस मारपीट की घटना में ईश्वर चौधरी का सिर हमलावरों ने फोड़ दिया है जबकि अन्य तीन लोग को भी चोटें आई हैं। मुखिया बेबी देवी के देवर ईश्वर चौधरी के साथ अन्य तीन को भी बदमाशों ने पीटा है। यह घटना थाना क्षेत्र के बड़ागांव के पास हुई है। पीड़ित ईश्वर चौधरी ने फतेहपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आए घायल शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि पुनौल निवासी अपने दो महिला रिश्तेदार को छोड़ने के लिए वह बाइक से टनकुप्पा प्रखंड के शीला गांव जा रहा था। रास्ते में बड़ागांव के पास बीच सड़क पर बकरी की रस्सी बाइक में फंस गई। बकरियां सड़क किनारे घास चर रही थीं वे अचानक मुड़ी तो रस्सी बाइक में फंस गई। जिसके बाद मौके पर कुछ लोग पहुंच कर मारपीट करने लगे। इसी बीच ईश्वर चौधरी फतेहपुर से अपने गांव की ओर जा रहा था। वह सड़क पर मारपीट होता देख वह बचाने का प्रयास करने लगा। इस पर असामाजिक तत्वों ने ईश्वर चौधरी के साथ जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में राहुल, सोनल एवं रिंकी कुमारी को भी चोट आई हैं। सभी घायलों का इलाज का सीएचसी फतेहपुर में कराया गया।

# बिहार में बड़ा निवेश करने की तैयारी में आईटी कंपनियां



## पटना में अपना पहला ऑफिस खोलेगी एचसीएल

**पटना, एजेंसी।** बिहार भी अब औद्योगीकरण की ओर कदम बढ़ा चुका है. देश-विदेश की कई बड़ी आईटी कंपनियां यहां निवेश करने की तैयारी में हैं. अमेरिका की ऐनलाटिक्स और एआई परामर्श कंपनी 'टाइगर ऐनलाटिक्स' द्वारा पटना में ऑफिस खोले जाने के बाद अब एचसीएल टेक भी पटना में अपना पहला कार्यालय शुरू करने जा रही है. इसके लिए कंपनी को बियाडा की तरफ से जगह उपलब्ध कराई गई है. दरअसल, बिहार उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने 3 नवंबर 2023 को एचसीएल टेक्नोलॉजी के अभय चतुर्वेदी एवं एचसीएल के एसवीपी थिमैया पीके साथ दिल्ली में एक बैठक की थी. जिसके बाद अब एचसीएल टेक पटना में अपना ऑफिस खोलने जा रही है.

### आईटी कंपनियों को बिहार में दी जा रही आकर्षक सुविधाएं

संदीप पौंड्रिक ने कहा कि जल्द ही कई नई कंपनियां बिहार आएंगी. बिहार में आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने और रोजगार सृजन के लिए आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नीति 2024 लाई गई है. जिसके तहत कंपनियों को बिहार में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए रोजगार सब्सिडी, बिजली सब्सिडी, पूंजीगत सब्सिडी समेत कई आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं.

### पटना में आईटी टॉवर का हो रहा निर्माण

जानकारी के अनुसार आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए पटना के पाटलिपुत्र उद्योगिक क्षेत्र में करीब 8 लाख वर्गफीट जगह में 12 निजी आईटी टावर का निर्माण किया जा रहा है. इसके साथ ही उद्योग का बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जगह प्लग एण्ड प्ले सिस्टम के तहत बनाए गए शेड भी इन आईटी कंपनियों को उनके कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे.

### कई और कंपनियां कर सकती हैं निवेश

जानकारी के अनुसार कई अन्य कंपनियों ने भी बिहार में निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है. यह कंपनियां निवेश करने के लिए ऐसे जगह की तलाश में हैं जहां आईटी प्रोफेशनल के लिए इको सिस्टम हो. ऐसे में यह कंपनियां पटना और इसके आसपास के क्षेत्रों में ही ऑफिस लगाने पर विचार कर रही हैं. वैसे मुजफ्फरपुर के बेला उद्योगिक क्षेत्र और बिहटा में भी कंपनियों को जगह उपलब्ध कराई जा सकती है.

### एचसीएल टेक पटना में खोलेगी अपना पहला ऑफिस

उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने सोशल मीडिया पर बताया कि आईटी क्षेत्र की वैश्विक कंपनी एचसीएल टेक अपना पहला कार्यालय मार्च महीने में बिहार के पटना में खोलने जा रही है. इस प्रमुख आईटी कंपनी को आकर्षित करने के लिए बियाडा द्वारा पटना के गांधी मैदान के पास स्थित उद्योग भवन में एक पूरी तरह से आकर्षक वर्किंग स्पेस उपलब्ध कराया गया है. टाइगर एनालिटिक्स के बाद दूसरी आईटी ऑफिस कंपनी बिहार में शुरू हुई. उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही पटना में एक डेटा सेंटर प्रोजेक्ट भी शुरू किया जाएगा.

## रुकावटों के बावजूद 17 महीने में लाखों नौकरियां दीं, नीतीश के साथ काम करने में दिक्कत हो रही थी: तेजस्वी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने सीएम नीतीश को पुराने ख्यालात और रूढ़िवादी अप्रोच वाला व्यक्ति करार दिया है। तेजस्वी ने कहा कि जब वह नीतीश कुमार के साथ सत्ता में थे तब अपनी क्षमता का 10 फीसदी ही काम कर पा रहे थे। उनके साथ काम करने में दिक्कत हो रही थी। इतनी रुकावटों और सीमाओं के बावजूद उन्होंने अपने बल पर महज 17 महीनों में लाखों नौकरियां दीं। साथ ही पर्यटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन काम किए।



तेजस्वी यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने कहा कि गठबंधन धर्म की सीमितता एवं बाध्यताओं के बीच उन्होंने नीतीश कुमार के साथ काम किया। नीतीश के पुराने ख्यालात, अप्रचलित तौर-तरीके, असामयिक निर्णय, कालग्रस्त कार्यशैली एवं रूढ़िवादी एप्रोच वाले नेतृत्व के साथ वह अपनी क्षमता का बस 10 फीसदी ही कार्य कर पा रहे थे। इन सबके बावजूद उन्होंने तार्किकता, बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिकता और व्यावहारिकता के बल पर केवल 17 महीनों में ही लाखों नौकरियां दीं। साथ ही पर्यटन, आधारभूत संरचना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्रों में प्रभावी, बेहतरीन एवं ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि आम जनता ने 17 साल बनाम 17 महीनों के इस सकारात्मक अंतर का नजदीक से अनुभव करके स्वागत किया है।

तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से आरजेडी का एक वीडियो भी शेयर किया। इसमें एनडीए सरकार के 17 साल बनाम महागठबंधन सरकार के 17 महीने की तुलना की गई है। इसमें दावा किया गया कि तेजस्वी ने बेहतरीन काम किया। देश में पहली बार जाति आधारित गणना करके 75 फीसदी तक आरक्षण बढ़ाया गया। लाखों पदों पर बहाली निकाली गई। स्वास्थ्य विभाग में 1.35 लाख पदों पर भर्ती को अंतिम चरणों तक पहुंचाया गया। 4 लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिलाया। पंचायत प्रतिनिधियों, आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया। इसके अलावा पर्यटन एवं खेल नीति को बढ़ाने का श्रेय भी तेजस्वी यादव को दिया गया है।

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दूल्हे के चाचा की मौत:दुल्हन की मौसी सहित तीन घायल

## बाइक सवार को बचाने के दौरान हुआ हादसा



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में शादी समारोह से लौट रही बारातियों से भरी पिकअप वैन भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। बाइक सवार को बचाने में पिकअप वैन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी खा गई। जिसमें दूल्हे के बड़े चाचा की मौत हो गई। जबकि पिकअप वैन पर सवार दुलहन की मौसी सहित तीन अन्य बाराती घायल हैं। जिस वक्त ये हादसा हुआ पिकअप वैन पर ड्राइवर समेत 5 बाराती सवार थे। हादसे के बाद ड्राइवर पिकअप वैन छोड़कर फरार हो गया। घायल बारातियों को स्थानियों की मदद से अनुमंडल अस्पताल बनमनखी में एडमिट कराया गया है, जहां सभी का इलाज जारी है। घटना बनमनखी-धमदाहा सड़क मार्ग की नवटोलीया बघुवा वार्ड 8 और 9 के बीच मंगलवार देर शाम की है। हादसे में जान गंवाने वाले मृतक की पहचान भवानीपुर थाना क्षेत्र के लाठी पंचायत के वार्ड 12 खरकट्टा निवासी लखन मंडल के 52 वर्षीय बेटे रामचंद्र मंडल के रूप में हुई है। मृतक रिश्ते में दूल्हे के बड़े चाचा हैं। वहीं, घायलों की पहचान मृतक के छोटे भाई रंजीत कुमार, पंकज कुमार और दुलहन की मौसी अजरपुर वार्ड 6 चौसा निवासी उदय मंडल की पत्नी सुनीता देवी के रूप में रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के छोटे भाई रंजीत कुमार मंडल ने बताया कि 11 मार्च को उनके भतीजे की शादी थी। जिसे लेकर वे भतीजे के बारात लेकर टोनहाजहद गांव गए थे। शादी संपन्न होने के बाद आज वे विवाह में दी गई सामग्री लेकर पिकअप वैन से वापस खरकट्टा लौट रहे थे। कि इससे पहले ही बनमनखी-धमदाहा मार्ग पर निपनियां पंचायत के नवटोलीया बघुवा वार्ड 8 और 9 के बीच बाइक सवार को बचाने में पिकअप वैन गड्ढे में पलटी खा गई। जिसमें उनके भाई की मौत बनमनखी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। जबकि उनके दो अन्य भाई गंभीर रूप से घायल हैं। इस पिकअप वैन पर दुल्हन की मासी भी बैठी थी। जिसके चलते वे भी इस हादसे में जख्मी हो गई। घटना के फौरन बाद स्थानीय मौके पर जुटे। जिसके बाद सभी घायलों को बनमनखी अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां घायलों का इलाज जारी है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम से साफ इनकार कर दिया है।

# बिहार एनडीए में लोकसभा सीटों का बंटवारा इसी सप्ताह

**पटना, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार एनडीए में सीट बंटवारे का औपचारिक ऐलान इस सप्ताह कभी भी हो सकता है। इसको लेकर पटना से दिल्ली तक हलचल तेज है। खासकर मंगलवार को सीट बंटवारे को लेकर एनडीए में जिस तरह की गतिविधियां तेज हुईं, इससे इस कयास को बल मिला है कि बीजेपी नीत गठबंधन में सीट शेयरिंग का पेच अब सुलझने वाला है। इसके लिए बीजेपी लगातार अपने सहयोगी दलों के साथ संपर्क में है। बिहार बीजेपी के प्रभारी विनोद तावड़े के दिल्ली स्थित आवास पर मंगलवार को प्रदेश पार्टी के नेताओं की बैठक हुई। इसमें डिप्टी सीएम सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया शामिल हुए। लगभग ढाई घंटे तक चली इस बैठक में बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर



मंथन हुआ। इस मीटिंग में बीजेपी नेताओं ने हर एक सीट पर बातचीत की। साथ ही बीजेपी की सीटिंग सीटों में पर्यवेक्षकों से हर लोकसभा क्षेत्रों के लिए आए 4-6 नामों में तीन-तीन नाम छांटे गए। पार्टी आलाकमान को हर सीट पर तीन-तीन नामों की लिस्ट भेजी जाएगी। इन्हीं तीन में से किसी एक को उम्मीदवार बनाया जाएगा।

### सम्राट चौधरी बोले- चुनाव की घोषणा से पहले हो जाएगा सीट बंटवारा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले एनडीए में सीटों का बंटवारा हो जाएगा। सम्राट मंगलवार को ही दिल्ली से पटना लौटे। वे एक-दो दिन में फिर से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए में सबकुछ ठीक है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। कोई भी गठबंधन छोड़कर कहीं नहीं जा रहा है।

### पशुपति पारस से सीट बंटवारे पर हुई बात

बीजेपी प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस से भी सीट शेयरिंग पर बात की। तावड़े ने पारस से लोजपा के दोनों गुटों का विलय करने और चिराग पासवान के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया। ताकि लोकसभा चुनाव में एनडीए मजबूत स्थिति में जा सके। हालांकि, पशुपति पारस ने कहा कि हाजीपुर सीट से वही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने अपनी पार्टी की चार सीटिंग सीटों पर भी अपना दावा स्वाभाविक बताया।




## पैसेंजर ओर मेमू का अब लगेगा सामान्य रेल भाड़ा, अब तक लग रहा था एक्सप्रेस का किराया

**गया, एजेंसी।** पैसेंजर और मेमू ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी। अब उन्हें एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। हालांकि यह आदेश 11 दिन पहले रेलवे बोर्ड की ओर से जारी कर दिया गया था, लेकिन पंडित डीडीयू रेल मंडल की ओर से इस बाबत मंगलवार को आदेश जारी किया गया है। आदेश के जारी होते ही बुधवार की सुबह से यह प्रभावित हो जाएगा। मसलन अब पैसेंजर और मेमू ट्रेनों के रेल यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन का किराया भाड़ा नहीं देना पड़ेगा। अब गया से पटना 25 रुपए में ही पहुंच जाएंगे। इससे पूर्व वे गया से पटना के लिए 50 रुपए किराया भाड़ा दे रहे थे। यह समस्या कोरोना काल से ही चली आ रही थी।

**यात्रियों को आर्थिक रूप से काफी राहत मिलेगी :** अब गया से पटना के लिए सभी मेमू ट्रेनो में 25 रुपये भाड़ा निर्धारित रहेगा। पहले दो मेमू ट्रेन छोड़कर शेष सभी मेमू में एक्सप्रेस ट्रेन का भाड़ा 50 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। स्पेशल ट्रेन के नाम पर पूर्व में लिए जा रहे 30 रुपये के स्थान पर अब 10 रुपये ही किराया देना होगा। सामान्य ट्रेन घोषित हो जाने से न्यूनतम किराया 10 रुपया जारी कर दिया गया है। इससे गरीब गुरबो व अन्य यात्रियों ने काफी राहत की सांस ली है। दैनिक रेल यात्री संघ के रवि रंजन और उदय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे बोर्ड के घोषणा के बावजूद स्पेशल ट्रेन का सामान्य भाड़ा लागू नहीं किए जाने से रेलवे बोर्ड के प्रति खीझ हो रही थी।

## बिहार में 4500 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की वैंकेसी रद्द, जनरल के लिए नहीं थी एक भी सीट

**पटना, एजेंसी।** हेल्थ सब सेंटर और हेल्थ वेलनेस सेंटर में 4500 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की नियुक्ति के लिए जारी की गई वैंकेसी रद्द कर दी गई है। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति ने मंगलवार को सूचना जारी की। समिति की ओर से जारी सूचना में वैकेंसी संबंधी विज्ञापन रद्द करने का कारण अपरिहार्य बताया है। इसके पहले समिति ने 9 मार्च को वैकेंसी जारी की थी। बीएससी नर्सिंग पास अभ्यर्थियों से 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आवेदन मांगा गया था। संविदा (कांट्रेक्ट) के आधार पर नियुक्ति होनी थी। प्रति माह 32 हजार वेतन और 8 हजार रुपए इंसेस्टिव सहित 40 हजार रुपए मिलना था।

**वैकेंसी रद्द होने का ये कारण :** 4500 की वैकेंसी में अनारक्षित कोटा में एक भी रिक्ति नहीं थी। इस मामले ने बेहद तूल पकड़ लिया था। वैकेंसी की चौतरफा आलोचना होने लगी थी। खास कर सोशल मीडिया में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल उठाया जा रहा था। माना जा रहा है कि इस कारण से ही वैकेंसी रद्द की गई होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में दलितों के बाद मुसलमानों की हालत सबसे खराब क्यों

**मुसलमानों के रहनुमा बनने वाले लालू यादव और तेजस्वी से कोई पूछता क्यों नहीं कि बिहार में दलितों के बाद मुसलमानों की हालत सबसे खराब क्यों है? लालटेन मुस्लिमों के जीवन में रौशनी क्यों नहीं ला पाई: प्रशांत किशोर**



**चाणक्य भूमि।** जन सुराज पदयात्रा के दौरान पत्रकार वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक आप समाज में सुधार नहीं लाएंगे, आपके बच्चे गुजरात और तमिलनाडु में जाकर मजदूरी ही करेंगे, फिर यहां के लोगो का भला कैसे होगा? मैं बिहार में 18 महीने से पैदल चल रहा हूं, 5 हजार से ज्यादा गांव में जाने के बाद मैं रोज मंच से कहता हूं कि दलितों के बाद सबसे ज्यादा गरीब, बदहाल, फटेहाल अगर बिहार में कोई है तो वो मुसलमान है। लेकिन 32 साल से मुसलमानों ने लालटेन का साथ नहीं छोड़ा है। 30-32 सालों में मुसलमानों ने RJD से कभी नहीं पूछा कि आपके नेता सड़क और ग्रामीण कार्य मंत्री रहे फिर हमारे गांव में सड़क, नाली और गली क्यों नहीं बना है? आप स्वास्थ्य मंत्री थे फिर बच्चों के लिए अस्पताल और दबाई क्यों नहीं है? आप शिक्षा मंत्री थे फिर हमारे बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था क्यों नहीं है? मुसलमान इन सारी परेशानियों के बावजूद लालटेन को वोट देता है।

### बेतिया में दो करोड़ रुपए का चरस बरामद

**पकड़े गये तस्कर ने अपने अन्य साथियों के नाम का भी खुलासा किया है। तस्कर के वालिद भी तस्करी के धंधे में ही संलिप्त रहे है**

**चाणक्य भूमि बेतिया।** शिकारपुर पुलिस ने बीती रात्रि में हरदिया चौक नहर के समीप से दस किलो चरस के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान जिले के रामनगर थाना के बरगजवा निवासी मो सगीर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा जब्त चरस की अंतराष्ट्रीय कीमत दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस की रात्रि गश्ती के दौरान हरदिया चौक के नज़दीक तस्कर पुलिस की गाड़ी को देखते ही भागने लगा पुलिस को शंका होने पर उसे खदेड़कर पकड़ा गया। जब उसके बैग की जांच की गई तो उसमे से चरस की बरामदगी हुई । पुलिस ने बताया ने बताया कि पूछताछ में तस्कर ने खुलासा किया है कि वह दिल्ली के बेगमपुर थाना के रोहिणी सेक्टर 22 में रहता है और नेपाल से चरस की खरीददारी कर वह दिल्ली में अन्य तस्करों को चरस बेचता है।

### ट्रेन से उतरने के क्रम में महिला गिर कर घायल

**चाणक्य भूमि बेतिया।** खरपोखरा स्टेशन पर एक महिला ट्रेन से उतरने के क्रम में गिर गई जिसकी वज़ह से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यात्रियों की मदद से महिला को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भर्ती कराया गया महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे GMCH बेतिया के लिए रेफर कर दिया गया है।

### खेलो इंडिया राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे बेगूसराय की ऊर्जा ने जीता कांस्य पदक

**बेगूसराय।** ओडिसा के कटक मे स्थित जेएन इण्डोर स्टेडियम मे दिनांक 09 से 11 मार्च 2024 तक आयोजित खेलो इंडिया राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया । बेगूसराय जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह प्रशिक्षक नन्दु कुमार ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता मे आर.के.सी शोकहरा-2, बरौनी निवासी,मंजु देवी-पंकज कुमार राय की पुत्री ऊर्जा रॉय ने टीम कोच सौरभ कुमार के मार्गदर्शन मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 73 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग मे बिहार ताइक्वांडो संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए बिहार को कांस्य पदक दिलवाया है । मौके पर मौजूद टीम के कोच सौरभ कुमार ने बताया कि ऊर्जा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सर्विसेज़,सीआरपीएफ,आंध्र प्रदेश की महिला खिलाड़ी को कडे संघर्ष मे पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाकर जिले को गौरवान्वित की है ।गौरतलब है कि ऊर्जा प्रशिक्षक मो. फुरकान के मार्गदर्शन मे पूर्व मे आयोजित मेघालय के शिलोंग मे आयोजित खेलो इंडिया लीग प्रतियेगिता मे कांस्य पदक जीतने पर कटक मे आयोजित खेलो इंडिया राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थी ।इससे पूर्व भी ऊर्जा ने , राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे कई पदक जीत चुकी है ।ऊर्जा के बरौनी मे आगमन पर फूल - माला से स्वागत किया गया।बेगूसराय जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी,बरौनी क्लब के कोच-प्रशिक्षक,खिलाडीगण व जिलेवासियों ने ऊर्जा को हार्दिक बधाई दी है।इस अवसर पर ऊर्जा ने कहा की इस सफलता का श्रेय मैं अपने माता पिता ,कोच,साथी खिलाडी ,जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी देती हूँ तथा जिलेवासियो को अपार स्नेह व समर्थन हेतु आभार प्रकट करती हूँ।

वही जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष रजनीश रंजन,बरौना ताइक्वांडो क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह,रेल डीएसपी गौरव पांडेय, लोक अदालत,डीएलएसए शैलेश कुमार, अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय दीपक कुमार, कल्याण केन्द्र सचिव भोगेंद्र कुमार कमल,उपाध्यक्ष वागीश आनंद, पर्यावरणविद् शिव प्रकाश भारद्वाज,राजा कुमार प्राचार्य, ग्रीन वैली स्कूल, बेगूसराय सह जिला ताइक्वांडो संघ के संयुक्त सचिव अनिल कुमार तॉंती,बरौनी क्लब कोच मो. फुरकान,जिला कोच मणिकांत, प्रशिक्षक रुपेश कुमार, जयशंकर चौधरी,नीरज कुमार,शिव कुमार ,चौधरी जिशान,महेंद्र कुमार,श्याम किशोर छोटे,कन्हैया कुमार (समाजसेवी),मधुलता कुमारी,रीतिक कुमारी, समेत जिले के खेलप्रेमियो ने एवं कई गणमान्यो ने ऊर्जा को स्वर्णिम सफलता पर बधाई दी है ।

### सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ नवनीत नमन ने बुधवार को सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इस बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारियों को बूथों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने का निर्देश दिया. मौके पर कुमार रजनीश, मृत्युंजय झा, विक्की कुमार, मनीष कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

### मुसफिल थानां अंतर्गत गुप्ता बांध पर मोबाइल छीनते समय फायरिंग कर जख्मी किया

**बेगुसराय।** मुफसिल थानान्तर्गत गुप्ता बाँध के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से मोबाईल छिनने के क्रम में नही देने पर फायरिंग कर किया जख्मी। पुलिस टीम द्वारा की जा रही है जॉच । जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधकर्मी को किया जायेगा गिरफ्तार। घटना का विवरण :- दिनांक 12-03-24 की रात्री करीब 09:00 बजे मुफसिल थाना को सूचना मिली की गुप्ता बाँध के पास कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से मोबाईल छिनने के क्रम में विरोध करने पर फायरिंग कर जख्मी कर दिया गया है जो सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती / ईलाजरत है।प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार अविलम्ब मुफसिल थानाध्यक्ष पु०नि० फैसल अहमद अंसारी, एवं सशस्त्र बल मुफसिल थाना के द्वारा अविलंब सदर अस्पताल बेगूसराय पहुँचकर जख्मी ईलाजरत व्यक्ति सूरज कुमार पे० शत्रुधन यादव सा0-कैथमा थाना-मुफसिल जिला-बेगूसराय से पूछताछ किया गया जिसमें बताया गया कि करीब 08 बजे रात्री में रामदिरी स्थित अपने दोस्त से आर्मी का फॉर्म भराकर घर लौट रहे थे की रास्ते में ही गुप्ता बाँध महारानी स्थान के पास चार अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा पिस्तौल दिखाकर कर मोबाईल छिनने लगा नही देनें पर फायरिंग कर जख्मी कर दिया गया।

# एआईएसएफ के आंदोलन की बड़ी जीत, छात्राओं और अनुसूचित जाति के छात्रों को नहीं देना होगा अब नामांकन शुल्क

चाणक्य भूमि। बेगूसराय





एसबीएसएस कॉलेज बेगूसराय में एआईएसएफ के कॉलेज इकाई के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया।धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के कॉलेज सचिव शिवानी एवं अध्यक्ष रणवीर कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।संचालन जिला उपाध्यक्ष बसंत कुमार ने किया।हालांकि संगठन के सबसे प्रमुख डिमांड सभी कोर्स में छात्राओं व अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को निशुल्क नामांकन लेने को तुरंत मान लेने व अन्य मांगों को जल्द पूरी किए जाने के आश्वासन के बाद देर शाम धरना को तत्काल स्थगित कर दिया गया है।धरना प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित छात्र छात्राओं ने प्राचार्य एवं वीसी के खिलाफ़ जमकर नारे लगाए।धरना सभा को संबोधित करते हुए एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा एवं राज्य संयुक्त सचिव राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा केजी से पीजी तक के नामांकन में छात्राओं व अनुसूचित जनजाति/जनजाति के छात्रों को कोई शुल्क नहीं देना है। ये आदेश एआईएसएफ के चरणबद्ध आंदोलन के बाद राज्य सरकार तथा माननीय उच्च न्यायालय ने दिया है।इस आदेश का अवमानना कर कॉलेज लगातार उक्त कोटि के छात्र छात्राओं ने मनमाना नामांकन शुल्क वसूल रहा था।आज से एसबीएसएस कॉलेज ऐसे सभी छात्रों का नामांकन निशुल्क करने का आदेश दिया है ये एआईएसएफ के आंदोलन की बड़ी जीत है।हमलोग बेगूसराय के सभी कॉलेजों में ये आदेश धरातल पर लागू करवाने के लिए संकल्पित हैं।जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा कॉलेज कैंपस में भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण स्थापित करना हमारे संगठन की प्राथमिकता है।कॉलेज प्रशासन को हमारे सभी मांगों से अवगत करा दिया गया है।जल्द अन्य मांगों को भी पूरा करने का भरोसा प्राचार्य ने दिया है।जिला उपाध्यक्ष बसंत कुमार एवं सहसचिव सत्यम भारद्वाज ने कहा कॉलेज के प्राचार्य शहीद भगत सिंह की विचारधारा से डरते हैं इसलिए उन्हें भगत सिंह की प्रतिमा कॉलेज परिसर में स्थापित करने में दिक्कत हो रही है।एक माह के अंदर विश्वविद्यालय का आदेश लाकर कॉलेज प्रबंधन भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की पहल नहीं शुरू करेगा तो हमलोग कॉलेज प्राचार्य को बंधक बनाएंगे।

उन्होंने कहा कॉलेज के पूछताछ काउंटर पर कर्मी तैनात करने,पुस्तकलय में विषयवार पुस्तक उपलब्ध कराने,सभी छात्रों को सांस्कृतिक या खेल गतिविधि से जोड़ने आदि की मांग को लेकर हमलोग आंदोलन कर रहे हैं। छात्रों के आंदोलन को उग्र होता देख कॉलेज प्रचार ने मानीं सारी मांग।*वहीं मौके पर धीरे-धीरे आंदोलन के उग्र रूप को देखते हुए कॉलेज प्रचार के द्वारा लगभग सभी मांगों को विश्वासपूर्ण वार्ता कर मान लिया गया और कॉलेज प्रचार ने कहां sc-st छात्र एवं तमाम छात्राएं से किसी प्रकार की शुल्क नहीं ली जाएगी और जल्द से जल्द भगत सिंह पार्क में भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, लाइब्रेरी में नई पुस्तकें लाई जाएगी। इन बातों के साथ आंदोलन को स्थगित किया गया और धरना स्थल पर बैठे नगर सचिव बिपीन कुमार,छात्र नेत्री शिवानी, रिया कुमारी,जिला कोषाध्यक्ष अविनाश कौशिक, अंकित, अजीत ,गौतम ,प्रभाकर, नंदनी, सन्नी ,सभी एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर खुशी मनाते हुए आंदोलन को खत्म किया। मौके पर उपस्थित छात्र अभिषेक,सौरभ, गोलू,किशन, संतोष, आदित्य,रोशन,प्रेम,नीतीशआदि थे।

## मुजफ्फरपुर-कोलकाता/हावड़ा वंदे भारत वाया बेगूसराय





चाणक्य भूमि। बेगूसराय

दिल्ली से वाराणसी की दूरी 759 किलोमीटर है और वंदे भारत से यह सफर 08 घंटे का है। उसी तरह मुजफ्फरपुर से वाया बरौनी, बेगूसराय, मुंगेर कलकत्ता/हावड़ा की दूरी (105 किमी कम) मात्र 654 किलोमीटर ही है।आम लोगों की मांग है कि मुजफ्फरपुर से कोलकाता के बीच *प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को वाया बेगूसराय ही चलाया जाना चाहिए।* विदित है कि इस रेल-रूट पर भागलपुर, कहलगांव, साहेबगंज, पाकुड़, रामपुर हाट,बोलपूर-शांति निकेतन, वर्धमान इत्यादि जैसे कई महत्त्वपूर्ण स्टेशन हैं, बावजूद इसके इस रूट पर आज तक एक भी सीधी रेल उपलब्ध नहीं है।

**दिल्ली-** वाराणसी वंदे भारत की तरह यह सफर मात्र 07 घंटे के अन्दर तय किया जा सकता है। इस ट्रेन को सुबह 05 बजे मुजफ्फरपुर से चलाकर 06.30 बजे तक बेगूसराय और 12 बजे दिन तक कोलकाता ।...और उसी तरह वापसी में शाम 04 से 05 बजे कोलकाता से चलकर देर शाम 09.30 से 10.30 बजे तक बेगूसराय और 11 से 12 बजे रात तक इस ट्रेन को मुजफ्फरपुर वापस लाया जा सकता है।चूंकि वर्तमान में इस महत्त्वपूर्ण रेल रूट पर कोई सीधी रेल सेवा उपलब्धत नहीं है। इसलिए स्वाभाविक है कि इस रेल रूट पर पैसेंजर ट्रेन ट्रैफिक का दबाव भी काफी कम है,और दूसरी तरफ व्यावहारिक और व्यावसायिक रूप से रेलवे के लिए यह एक बेहद आकर्षक रूट साबित होगा, यह तय है।अतः आमलोगों की ओर से पूमरे दैनिक रेल यात्री संघ देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व मा. रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी तथा पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन करता है, कि वह बेगूसराय व आसपास के लाखों लोगों के हित में इस रेल रूट पर मुजफ्फरपुर से कोलकाता के लिए प्रस्तावित वंदे भारत एक्स्प्रेस का परिचालन सुनिश्चित करने की कृपा करें।* जिले के तमाम जिम्मेवार जनप्रतिनिधियों से भी करबद्ध प्रार्थना है की जनता की जरुरतों औऱ जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए इस हेतु हर स्तर पर-हर सम्भव प्रयास करने की कृपा करें।

**नोटः-** मुजफ्फरपुर-बरौनी-118 किमी, बरौनी-मुंगेर-056 किमी,
मुंगेर-जमालपुर- 008 किमी,
जमालपुर-हावड़ा- 472 किमी,
**टोटल डिस्टेंसः-** 654 किलोमीटर मात्र है।

## मुख्य पथ पर स्पीड ब्रेकर बना जानलेवा प्रतिदिन ब्रेकर से टकराकर गिरते हैं लोग



चाणक्य भूमि। बरौनी बेगुसराय

पी डब्ल्यू डी बरौनी स्थित मुख्य द्वार के समीप अवध तिरहुत सड़क पर करीब 10-10 मीटर की दूरी पर लगातार चार ब्रेकर होने से प्रतिदिन साइकिल मोटरसाइकिल एवं रिक्शा सवार यात्री ब्रेकर से टकराकर अचानक गिरकर घायल होते रहते हैं । खासकर रात्रि में छोटी या बड़ी बहनों को स्पीड ब्रेकर से टकराकर गिरने से गंभीर खतरा होने की संभावना बनी रहती है । लोगों ने बताया कि लगातार चार स्पीड ब्रेकर जानलेवा एवं घटना का कारण है । जिससे लोग गिरकर घायल होते हैं । और उन्हें चिकित्सालय में भर्ती होना पड़ता है जबकि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार मुख्य पथ पर स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता नहीं बताई जाती है । वही नियम कानून को ताकत पर रखकर स्पीड ब्रेकर बनाने का काम किया गया है । उक्त पत्थ से हजारों वाहनों का आवागमन जारी रहता है । तेघरा बछवारा बरौनी एवं डेयरी के वाहनों का आवागमन होते रहता है । लोगों का कहना है कि उक्त स्थान पर स्पीड ब्रेकर की कोई आवश्यकता नहीं है । लगातार चार स्पीड ब्रेकर होने के कारण प्रतिदिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जाच कर संबंधित पदाधिकारीयो से शीघ्र स्पीड ब्रेकर हटाने की अपील की है ।

## एन एस एस द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन, अखिल भारतीय संस्कृत हिन्दी विद्यापीठ खम्हार में कार्यक्रम आयोजित



चाणक्य भूमि। बेगूसराय

अखिल भारतीय संस्कृत हिंदी विद्यापीठ खम्हार, बेगूसराय में बुधवार को एन एस एस द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार आजाद ने दीप प्रज्वलित कर किया. अपने संबोधन में डॉ आजाद ने कहा कि यह विशेष प्रशिक्षण 13 मार्च को शुभारंभ किया गया, जो आगामी 19 मार्च को संपन्न हो जायेगा. उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन से छात्र-छात्राओं का चहुँमुखी विकास होता है. प्रधानाचार्य ने कहा कि इस बार विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता फैलाना है, जिसमें मतदान, कचरा प्रबंधन, बीमारियों से बचाव के तरीके आदि को शामिल किया गया है. वहीं वर्सर ओम प्रिय ने कहा कि इस शिविर में छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों की अनुषगी विद्या से भी अवगत करवाना है, क्योंकि यही छात्र कल के नागरिक हैं. उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना भी महाविद्यालय का कर्तव्य बताया. कार्यक्रम का संचालन डॉ ललन कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एन एस एस पदाधिकारी डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि शिविर के सभी प्रारूप का पालन किया जायेगा. मौके पर दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राओं समेत शिक्षकेतर कर्मचारी त्रिपुरारी झा, मीरा कुमारी, रामदुलारी कुमरी समेत अन्य मौजूद थे.

# महानगर राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता मिलन समारोह

चाणक्य भूमि। बेगुसराय



बेगूसराय महानगर राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय बाघ में जिला राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा जिला कार्यकर्ता मिलन समारोह जिला अध्यक्ष धरती पुत्र मोहित यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यकर्ता मिलन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने बीजेपी छोड़, राजद का सदस्यता जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता में ग्रहण किया सदस्यता ग्रहण करने वाले में इंद्रजीत कुमार राय, नीरज कुमार ,शबनम कुमारी, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी, सावन कुमार ,सीमा देवी ,बबीता देवी, लक्ष्मण कुमार, कन्हैया कुमार ,शिवम कुमार ,सोनू कुमार ,रामानंद कुमार, सरिता कुमारी ,फुलेना कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इंद्रजीत कुमार राय के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष हाथों राजद का सदस्यता लिए कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए धरतीपुत्र मोहित यादव ने कहा राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्ष ,समता मूलक , समानता को मानने वाली पार्टी है ,पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव जीवन भर शोषित, पीड़ित, वंचित वर्गों के लड़ाई लड़ते आ रहे हैं ,आज देश में जन विरोधी सरकार है ,देश की स्थिति अंग्रेजी हुकूमत से भी खराब है ,वर्तमान केंद्र सरकार चंद्र पूंजी पति के हाथ देश का संपत्ति बेच रही है, केंद्र सरकार धर्म के नाम पर देश को खंडित कर रही है ,देश पुनः गुलामी की ओर इतिहास रचने जा रही है, देश की लोकतंत्र खतरे में है ,इसे बचाने की जरूरत है ,17 महीने की सरकार में आर्थिक न्याय के महानायक माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव ने जो बेरोजगारों को रोजगार देने का कार्य किया ,यह देश के लिए ऐतिहासिक कार्य है। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में महानगर जिला अध्यक्ष श्री शिव जी महतो, जिला उपाध्यक्ष श्री हरे राम महतो, जिला उपाध्यक्ष श्री मदन रजक, जिला उपाध्यक्ष श्री मनोज यादव, जिला महासचिव डॉक्टर राम कैलाश महतो ,किसान सेल जिला अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू, झुकी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन पासवान, बेगूसराय महानगर महिला सेल अध्यक्ष श्रीमती रीना जायसवाल, बेगूसराय महानगर व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री भूटान साह मजदूर प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री रामानंद यादव ,बेगूसराय महानगर प्रवक्ता पवन गांधी, अधिवक्ता संतोष यादव, वही कार्यक्रम में उपस्थित जिला सचिव सरस्वती चंद ठाकुर ,पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला प्रधान महासचिव सुबोध कुमार चंद्रवंशी ,साहेबपुर कमाल प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर सिंह चंद्रवंशी, बेगूसराय प्रखंड अध्यक्ष श्री सहजानंद यादव, बरौनी प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल जब्बार, मोहम्मद महफूज,रंजीत महतो ,राजीव यादव ,रामानंद महतो, इत्यादि दर्जनों पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सकरबासा पंचायत के वार्ड 5 में अगलगी की घटना,पशु सहित अन्य सामान जल कर खाक

चाणक्य भूमि। चेरियाबरियारपुर बेगुसराय





चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरबासा पंचायत के वार्ड नंबर 05 में बुधवार को दोपहर लगभग 01बजे अगलगी की घटना के बाद अफ़रा-तफ़री मच गई। जानकारी के अनुसार आग की लपट में कई मवेशियों के जलकर मर जाने से सनसनी फ़ैल गई है। उक्त अगलगी की घटना में रामाशीष यादव के पुत्र विजय यादव, अरूण यादव, ललन यादव, श्याम सुंदर यादव एवं गुड्डु यादव का घर जला है साथ ही 04 भैंस, 01 बाछी, 01 बकरी भी जलकर मर गई है जबकि एक भैंस का बच्चा आग में झुलसकर बुरी तरह से जख्मी है । बताया जाता है कि अचानक घर से आग की लपटें उठने लगी तथा पल भर में विकराल रूप धारण कर लिया । हालांकि अगलगी की शोर एवं आग की उठती लपटों को देखकर आस-पास के दर्जनों लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए । इस बीच सूचना पर पहुंची अग्निशमन दस्ता की टीम ने तत्परता के साथ आग बुझाने में जुट गई । ग्रामीणों एवं अग्निशमन दस्ता टीम के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया। परंतु उक्त घटना में गृहस्वामियों का लाखों रूपए का नुक़सान हुआ है। बताया जा रहा है घर में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, जेवर जेवरात सहित अन्य सभी सामान जलकर राख हो गया है । वहीं उक्त घटना की सूचना पर पंचायत के मुखिया सुरेन्द्र राम, समाजिक कार्यकर्ता सह वरिष्ठ राजद नेता ब्रजनंदन यादव मौके पर पहुंचे । तथा पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के बाबत जानकारी प्राप्त की पूछे जाने पर राजद नेता ने बताया बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। पीड़ित परिवार के द्वारा हाल ही में फुंस का नए सिरे से घर बनवाया गया था साथ ही विधिवत बिजली का कनेक्शन भी कराया गया था इसलिए कयास लगाया जा रहा है कि बिजली के सॉट सर्किट से ही अगलगी की घटना हुई है। फिलहाल पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन-यापन करने को मजबूर हो गया है । वहीं मुखिया के साथ समाज के प्रबुद्धजनों ने स्थानीय प्रशासन ने उक्त अगलगी की घटना का जांच पड़ताल पीड़ित परिवार को त्वरित राहत सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

## सरकारी योजना का लाभ मिला छात्र को



चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगूसराय

शिक्षा विभाग द्वारा समाज को शिक्षित करने के उद्देश्य से सभी स्कूल के बच्चों के बीच सामग्री वितरण कार्यक्रम के तहद मध्य विद्यालय अयोध्या में वर्ग 1 2 3 के 55 स्टूडेंट के बीच विभाग द्वार उपलब्ध कराई गई बैग,पानी बोतल, कापी,कलम और अन्य सामग्री का वितरण किया गया जिसमे भूमिदाता पूर्व अध्यक्ष भोला प्रसाद सिंह वर्तमान VSS के सदस्य प्रभारी सहयोगी शिक्षक और शिक्षिका पोषक क्षेत्र कर अभिवावक एवम जनप्रतिनिधि उपस्थित थे

# सीमेंट लदा ट्रक झोपड़ी में घुसा,गृहस्वामी की मौत

## मझौलिया थाना के भोगाडी पंचायत की घटना

» पुलिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा
» मृतक के पोती की 15 मार्च को आनेवाली है बारात
» शादी की खुशियां मातम में बदला



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।मंगलवार की रात दस बजे सीमेंट लदा ट्रक असंतुलित होकर फुस की झोपड़ी पर पलट गया।नतीजतन बांगुर सीमेंट के ढ़ेर में दबकर अमेरिका राम(60) वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गयी।तथा मृतक का पोता घायल हो गया।घटना हरपुर गढ़वा पंचायत के भोगाडी गांव वार्ड 23 की है।मझौलिया पुलिस ने बुधवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिये जीएमसीएच बेतिया भेजा।मृत व्यक्ति अमेरिका राम घरामी का काम करता था।परिवार के मुखिया की मौत से पूरे पंचायत में कोहराम मचा है।इस घटना की सबसे दुःखद पहलू यह है कि मृत बृद्ध के पोती की शादी दो 15 मार्च को है।मांगलिक घर मे मौत से सब गुड़ गोबर हो गया।एसएचओ अखिलेश मिश्रा ने बताया कि ट्रक पलटने के बाद चालक ट्रक छोड़ रात के अंधेरे में फरार हो गया।उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 06 G 3852 के आधार पर ट्रक मालिक की तफसीस की जा रही है।वार्ड सदस्य नबीजान अंसारी ने बताया कि चारो खाने चित लोडेड ट्रक के पलटने से उसमें रखा सीमेंट का बोरा बिखर गया,नतीजतन घर मे सो रहे गृहस्वामी अमेरिका राम उनकी पत्नी झलिया देवी और पोता सुनील राम दब गये।अफरा तफरी का माहौल हो गया।ग्रामीण जुटे और सीमेंट से दबे लोगो को निकालना शुरू कर दिया।बाकी लोग तो चोटिल होकर बच गये परंतु अमेरिका राम ने दम तो दिया।सीमेंट के लोड से उनकी कमर की हड्डी टूट गयी है।बुधवार की सुबह जंगल की आग की तरह यह घटना फैल गया।हादसे को देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

# दुष्कर्म के आरोपी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पास आत्मसमर्पण

**दुष्कर्म के आरोपी ने महिला थाना व श्रीनगर थाना की पुलिस की दबिश से डरकर उत्तर प्रदेश पुलिस के तरैया सुजान थाना में आत्मसमर्पण कर दिया**

चाणक्य भूमि बेतिया

उक्त जानकारी देते हुए बेतिया महिला थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताई की श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग 13 वर्षीय नबालिक युवती ने आवेदन देकर बताई की मैं अपने दीदी के घर उत्तर प्रदेश से आ रही थी। तभी गंडक नदी पार करने के बाद आरोपी के ट्रैक्टर पर बैठ गई। जैसे ही कुछ दूर बीच सरेह में ट्रैक्टर पहुंच। वैसे ही आरोपी दूसरे रास्ता में ले जाने लगा और सुनसान जगह देखकर ट्रैक्टर रोक दिया। उसके बाद उसने रास्ता देखने को कहा जब मैं ट्रैक्टर से उतर कर गई तो आरोपी ने पकड़कर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर आसपास के लोग पहुंच गए और मुझे मेरे घर ले गए। तत्पश्चात में महिला थाना में पीडित नाबालिक ने दुष्कर्म करने का आवेदन दिया। मामले में सुनील यादव, अनिल यादव,सरोज कुमारी, सुनीता कुमारी पर पोक्सो एक्ट के तहत प्रार्थमिकी दर्ज की गई है उक्त मामले में न्यायालय के द्वारा कुर्की का वारंट निर्गत था जिसके आधार पर श्रीनगर थाने के पुलिस व महिला थाने के पुलिस पहुंच कुर्की जप्ती प्रक्रिया शुरू कर दिया था। तभी मुख्य आरोपी मन तय सुनील यादव ने उत्तर प्रदेश के तरैया सुजान थाना में पुलिस दबिस के कारण आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर श्रीनगर थाना के दीपक कुमार प्रसाद, एस आई जय कुमार प्रसाद महिला एवं पुरुष पुलिस बल मौजूद रहे।






## विदेशी शराब व बाइक के साथ धंधेबाज को नौतन पुलिस ने पकड़ा

संबाद सूत्र

नौतन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर युपी से शराब की खेप लेकर आ रहे एक धंधेबाज को मंगलपुर गोपालगंज मुख्य पथ पर जाँच के दौरान गिरफ्तार किया है। पकड़े गये शराब तस्कर की पहचान दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के ब्रह्म टोला गांव निवासी हरकेश कुमार यादव के रूप मे हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम गुप्त सूचना मिली की एक धंधेबाज युपी से गंडक नदी के बांध के रास्ते गोपालगंज क्षेत्र होते हुए नौतन क्षेत्र में शराब की खेप लेकर आ रहा है। सुचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया । जहां पुलिस ने धंधेबाज को बाइक व शराब के साथ दबोच लिया। तलाशी के दौरान बत्तीस लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि लोक सभा चुनाव व होली पर्व को लेकर पुलिस द्वारा लगातार धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।ताकि सरकार के शराबबंदी कानून को धरातल पर उतारा जा सके।

# महिलाओं के सम्मान और अधिकार के सामने खड़ी चुनौतियों पर चर्चा

चाणक्य भूमि बेतिया



नौतन ब्लॉक के शिवराजपुर छरकी में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की एक सभा का आयोजन बुधवार को हुआ जिसमें अफसाना खातून ने अतिथियों का स्वागत किया। सभा को श्रीमति देवी, सोनालिका झा, फूलकली देवी, राधा देवी , मीरा देवी, मदन राम, अलीजान और भारत जोड़ो अभियान से जुड़े पश्चिम चंपारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संयोजक आलमगीर हुसैन ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने विगत 10 वर्षों की मोदी सरकार में महिलाओं के सम्मान और अधिकार के सामने खड़ी चुनौतियों पर चर्चा की। इसके साथ ही वक्ताओं ने लोक सभा चुनाव में महिलाओं की समस्याओं से जुड़े मुद्दों को चुनाव का मुद्दा बनाने और . जाति, धर्म तथा धन के प्रभाव से मुक्त हो कर मतदान करने की अपील की। आज की सभा का मकसद लोक सभा चुनाव में महिलाओं के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, पहलवान बेटियों तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की छात्रा सहित अनेक बेटियों की इज्जत पर हमला करने वाले भाजपा सांसद एवं नेताओं को बचाने और वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू नहीं करने वाली मोदी सरकार को इस चुनाव में धूल चटाने के लिए महिला मतदाताओं को एकजुट करना है। इस मौके पर लोक संघर्ष समिति के देवदत्त राम सहित भारत जोड़ो अभियान से जुड़े नौतन विधान सभा क्षेत्र के संयोजक अली जान उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता नौतन क्षेत्र की प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता मधु देवी ने की।

## बिजली चोरी के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज

चाणक्य भूमि मैनाटाड़

चोरी कर अवैध तरीके से बिजली जलाने के मामले में विभाग की टीम ने टोला चपरिया पंचायत के रमपुरवा गांव में छापेमारी करते हुए चार लोगों को बिजली चोरी करने के मामले में चिन्हित किया है। मामले की जानकारी देते हुए कनीय अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि अवैध बिजली चोरी करने के मामले में मैनाटाड़ थाना क्षेत्र की रमपुरवा गांव निवासी कमलेश राम, बबीता देवी, रमेश पटेल तथा विनोद पटेल को चिन्हित किया गया। वहीं चिन्हित करने के बाद चारों आरोपियों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराई गई है। मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि कनीय अभियंता सुशील कुमार के आवेदन पर चार लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। वही एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले में अग्रतर कार्रवाई करने में जुटी हुई है।












# ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत

**चनपटिया के पोखरिया राय गांव निवासी मो रईश जो अपना ईलाज कराने गोरखपुर जा रहा था अवसानी हाल्ट के पास ट्रेन से गिरने की वजह से उसकी मौत हो गई**



चाणक्य भूमि बेतिया

अपना ईलाज कराने चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस से गोरखपुर जा रहे व्यक्ती की ट्रेन से गिरने की वजह से हो गई। हालाँकि गिरने की वजह का पता नहीं चला है। मृतक की पहचान चनपटिया के पोखरिया राय गांव निवासी उन्नीस वर्षीय मो रईश के रूप में हुई है। Mपरिजनों ने बताया कि युवक काफी दिनों से बीमार था। वह अपनी अम्मी और अन्य तीन लोगों के साथ चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस से गोरखपुर जा रहा था। इस दौरान ट्रेन से गिर गया और मौत हो गई। हालांकि वह कैसे गिरा कुछ पता नहीं। सात भाई बहनों में वह एक मात्र भाई था। उसके पिता बाहर में रहकर राज मिस्त्री का काम करते है।

## राजमहल पहाड़ मामले की एनजीटी की सुनवाई पर टिकी है सभी की नज़र

**सात वर्षों से चल रही सुनवाई इस मामले मे आज प्रदुषण बोर्ड को दायर करना है जवाबी हलफनामा, पत्थर माफियाओं की भी नजरें टिकी है आज की सुनवाई में**

चाणक्य भूमि

साहेबगंज जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा जिला के ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ के संरक्षण व संवर्धन हेतु व जिले में अवैध रूप से संचालित सभी स्टोन माईंस व क्रशर को संपुर्ण रूप से बंद कराने को लेकर एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में सात साल पुर्व दायर याचिका संख्या 23/2017 की आज पीठ के जुडिशियल मेंबर जस्टिस बी.अमित स्थालेकर व एक्स्पर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा दिन के 10:30 बजे से सुनवाई करेंगे.सुनवाई पुर्व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को फाईलिंग एफिडेविट व झारखंड प्रदुषण बोर्ड को काउंटर एफिडेविट दाखिल करनी है.सुनवाई में भाग लेने के लिए अरशद कोलकाता पहुँच गए है।आज की सुनवाई पर पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत पत्थर माफियाओं की भी नजरें टिकी हुई है। विदित हो की एनजीटी के आदेश से जिले का पत्थर उघोग जो कभी गुलज़ार हुआ करता था वर्तमान मे उसमें भारी मायुसी छाई हुई है।

# 25 हजार के इनामी अपराधी रवि सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार




चाणक्य भूमि बेतिया

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी माहताब आलम ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि दिनांक 24 जनवरी 2024 को चनपटिया के कैथोलिया समीप कुछ आसमाजिक तत्वों के द्वारा निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ कर गोलीबारी की गई थी। इसी बात को लेकर चनपटिया थाना कांड संख्या 30/ 2024 के सात नामजद सहित कुछ अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी कांड के एक अभियुक्त सेनवरिया चनपटिया निवासी अजय कुमार सिंह के पुत्र रवि सिंह उर्फ सावन सिंह उम्र 29 वर्ष, जो पूर्व के आर्म्स एक्ट एवं मारपीट जैसे कई कांड में जेल जा चुका है और उसपर 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा गया था । इस इनामी अपराधी को चनपटिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ, बेतिया ने पुलिस की इस कार्रवाई में छापेमारी दल को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की है।









# दलित बस्ती हत्या मामले में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**दलित बस्ती हत्या मामले में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी श्रीनगर पुजहां थाना की पुलिस**

चाणक्य भूमि बैरिया




श्रीनगर थाना क्षेत्र के पूजहां दलित बस्ती में सोमवार की सुबह हुई मनोज राउत हत्या मामले में अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। जानकारी देते हुए श्रीनगर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मृतक मनोज राउत के पत्नी मीरा देवी ने पुलिस को आवेदन देकर बताई कि मेरे पति मनोज राउत अपने फुआ के घर मच्छरगांवा रविवार की शाम छठियार में गए थे। इधर सोमवार की प्रातः सुबह 3 बजे मनोज राउत का शव सड़क किनारे पड़ा था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया था सूचना पर पहुंची श्रीनगर पूजहां थाना के पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को शौप दिया। हालांकि उक्त मामले में अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714